# Daily Current Affairs

Date : 04 November, 2025

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 65वां लक्खी अन्नकूट महोत्सव |
| 2. | जोधपुरा संघर्ष समिति बनाम भारत संघ मामला |
| 3. | अवनि लेखरा : शूटिंग |
| 4. | लाडपुरा लाइमस्टोन के ब्लॉक की नीलामी |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. स्कूल नेशनल बॉक्सिंग में अनिता, सैफ व सुशील ने जीते सिल्वर मेडल<br>2. राष्ट्रीय युवा महोत्सव ; वनस्थली विद्यापीठ की टीम को मिला सर्वश्रेष्ठ टीम पुरस्कार<br>3. जयपुर टाइगर फेस्टिवल<br>4. सुई धागा अभियान : सवाई माधोपुर |
| 6. | आर्य समाज |
| 7. | भारत का शहद निर्यात् |
| 8. | भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग |
| 9. | एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग |
| 10. | अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना निधि |
| 11. | कृषि की पुनर्कल्पना: अग्रणी प्रौद्योगिकी आधारित परिवर्तन के लिए एक रोडमैप: नीति आयोग |
| 12. | दीपक मित्तल : संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय राजदूत |
| 13. | वीर नारायण सिंह |
| 14. | 42वां इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## 65वां लक्खी अन्नकूट महोत्सव

### चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री ने नरवर आश्रम सेवा समिति की ओर से 9 नवंबर को होने वाले श्री खोले के हनुमानजी के 65वें लक्खी अन्नकूट महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया।



### मुख्य बिन्दु:

**श्री खोले के हनुमानजी मंदिर :**

- **अवस्थित :** जयपुर
- **स्थापना :** 1961 में पंडित राधेलाल चौबे ने मंदिर के विकास के लिए नरवर आश्रम सेवा समिति की स्थापना की थी।
- **शैली :** राजपूत और मुगल स्थापत्य शैली।
- **निर्माण :** धौलपुर बलुआ पत्थर और संगमरमर।
- 28 सितंबर, 2023 को राजस्थान के राज्यपाल ने ऑटोमैटिक मैकेनिज्म रोप-वे का लोकार्पण किया।
- यह रोप-वे खोले के हनुमान जी मंदिर स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर से वैष्णो देवी माता मंदिर तक के लिये बना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जोधपुरा संघर्ष समिति बनाम भारत संघ मामला

## चर्चा में क्यों?

- जोधपुरा संघर्ष समिति बनाम भारत संघ व अन्य मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की केन्द्रीय क्षेत्र पीठ ने जोधपुरा चूना पत्थर खनन एवं ब्लास्टिंग से प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया है।

## मुख्य बिन्दु:

- **मुआवज़ा :** NGT ने प्रभावित 298 ग्रामीणों को 20-20 हजार रुपए का मुआवज़ा देने का आदेश दिया है, जिसका भुगतान सीएसआर फंड से कलेक्टर के माध्यम से किया जाएगा।
- अधिकरण ने उन सभी ग्रामीणों को 50-50 हजार रुपए सहायता राशि दिए जाने के आदेश दिए हैं जिनके मकानों में दरारें आई हैं।
- इसमें एम-एस अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को जोधपुरा गांव के निकट चूना पत्थर खनन और ब्लास्टिंग से हुए पर्यावरणीय नुकसान, मकानों में दरारें और स्वास्थ्य पर पड़े प्रतिकूल प्रभावों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।
- **स्वास्थ्य सेवाएँ :** सावधानी सिद्धांत और प्रदूषक भुगतान सिद्धांत लागू करते हुए परियोजना प्राधिकरण को उत्तरदायी ठहराया गया। परियोजना प्राधिकरण को प्रभावित ग्रामीणों के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविर और निःशुल्क दवाइयों की व्यवस्था भी करनी होगी।

**सुरक्षा उपाय :**

- 500 मीटर की परिधि में किसी भी स्कूल, मंदिर या आवासीय भवन के पास ब्लास्टिंग पर रोक लगाई गई है।
- खनन क्षेत्र में छह महीने के भीतर एक हरित पट्टी विकसित की जाएगी।
- परियोजना प्राधिकरण को जल पुनर्भरण कार्य करने होंगे, और केंद्रीय भूजल प्राधिकरण भूजल स्तर की निगरानी करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रशासनिक कार्रवाई :

- मुख्य सचिव को प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है।
- जिला मजिस्ट्रेट को वसूली और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### राजस्थान में खनन /अवैध खनन के प्रभाव:

| सकारात्मक प्रभाव | नकारात्मक प्रभाव |
|---|---|
| **राजस्व और आर्थिक विकास :** खनन राजस्थान के लिए राजस्व का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है, और राज्य सरकार निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास के लिए प्रयास कर रही है। | **अवैध खनन :** अवैध खनन के कारण अरावली जैसे क्षेत्र गंभीर पारिस्थितिक संकट का सामना कर रहे हैं, जहां वृक्षों का 25% हिस्सा समाप्त हो गया है। |
| **रोजगार सृजन:** खनन क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। | **आर्थिक बोझ :** रॉयल्टी में वृद्धि से निर्माण सामग्री महंगी हो जाती है, जिससे आम आदमी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। |
| **खनिज उत्पादन:** राजस्थान कई महत्त्वपूर्ण खनिजों, जैसे कि सीसा, जस्ता, तांबा, और संगमरमर का प्रमुख उत्पादक है। | **स्वास्थ्य संबंधी खतरे:** अवैध खनन से मज़दूरों को पारा और सीसा जैसे खतरनाक पदार्थों के संपर्क में आना पड़ सकता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं। धूल प्रदूषण के कारण श्वसन संबंधी समस्याएँ भी हो सकती हैं। |
| | वनस्पति और जैव विविधता को नुकसान<br>मृदा अपरदन<br>भूजल का स्तर में गिरावट<br>जल व वायु प्रदूषण<br>स्थानीय समुदाय के अधिकारों का हनन |

- **अवैध खनन :** अवैध खनन, सरकारी प्राधिकारियों से आवश्यक परमिट, लाइसेंस या विनियामक अनुमोदन के बिना भूमि या जल निकायों से खनिजों, अयस्कों या अन्य मूल्यवान संसाधनों का निष्कर्षण है।
- इसमें पर्यावरण, श्रम और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन भी शामिल हो सकता है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अवनि लेखरा : शूटिंग

## चर्चा में क्यों?

- अवनि लेखरा ने दुबई के अल ऐन में आयोजित 2025 पैरा शूटिंग विश्व कप में स्वीडन की अन्ना बेसन को हराकर स्वर्ण पदक जीता।



## मुख्य बिन्दु:

- उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- थाईलैंड की वान्निपा लेउंगविलाई तीसरे स्थान पर रहीं और उन्होंने कांस्य पदक जीता।
- भारतीय निशानेबाजों ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 वर्ग में व्यक्तिगत फाइनल में स्वर्ण और रजत दोनों जीते।
- व्यक्तिगत फाइनल में, निशानेबाज आकाश ने 223.1 के अंतिम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। संदीप कुमार ने रजत पदक जीता।
- टीम स्पर्धा में, आकाश, संदीप और रुद्रांश खंडेलवाल की तिकड़ी ने टीम रजत पदक जीता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अवनी लेखरा की खेल उपलब्धियाँ :

| | |
|---|---|
| 2015 | प्रशिक्षण शुरू किया और राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। |
| 2017 | AI ऐन शूटिंग विश्व कप में रजत पदक और बैंकॉक में WSPS विश्व कप में कांस्य पदक हासिल किया। |
| 2018 | विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट विश्व कप में उल्लेखनीय सफलता हासिल की, तीन स्वर्ण पदक जीते। |
| 2020 | टोक्यो पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 249.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाया और विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन में कांस्य पदक भी जीता, जिससे वह एक ही खेलों में कई पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पैरालंपियन बन गईं। |
| 2024 | पेरिस पैरालंपिक में उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए 249.7 के नए पैरालंपिक रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ, वह देवेंद्र झाझरिया के बाद दो स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय पैरालंपियन बन गईं। |

### प्रमुख पुरस्कार :

### पुरस्कार और मान्यता :

**2021:** खेल रत्न पुरस्कार, भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान।

**2022:** पद्म श्री पुरस्कार।


- जीक्यू इंडिया द्वारा यंग इंडियन ऑफ द ईयर तथा पैरालम्पिक अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ महिला नवोदित कलाकार सहित अनेक पुरस्कार।
- उन्होंने 249.7 अंकों के साथ एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाया और पैरालंपिक में दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। इस उपलब्धि के साथ, अवनि देवेंद्र झाझरिया के साथ एक से अधिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय पैरालंपियन बन गईं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# लाडपुरा लाइमस्टोन के ब्लॉक की नीलामी

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में पहली बार लाइम स्टोन के ब्लॉक की नीलामी होने जा रही है। यह नीलामी जिले के बिजौलिया क्षेत्र के लाडपुरा स्थित अमरतिया समेत अन्य गांवों में प्रस्तावित है।





## मुख्य बिन्दु:

- खनिज विभाग के अनुसार यह ब्लॉक 208 हैक्टेयर क्षेत्रफल में फैला है और इससे मांडलगढ़ क्षेत्र में सीमेंट उद्योग स्थापना की संभावनाएं मजबूत हुई हैं।
- खनिज विभाग के अनुसार भीलवाड़ा जिले में यह पहला लाइम स्टोन ब्लॉक है, जो सीमेंट उत्पादन के लिए उपयुक्त गुणवत्ता का है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **स्कूल नेशनल बॉक्सिंग में अनिता, सैफ व सुशील ने जीते सिल्वर मेडल**<br><br>■ ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित 69वीं स्कूल नेशनल बॉक्सिंग (अंडर-17) में राजस्थान के लिए अनिता, सैफ अली और सुनील शर्मा ने सिल्वर मेडल जीते।<br>■ यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित हुई।<br>■ अनिता ने 40-50 किलो में, सैफ अली ने 75-80 किलो में और 80 से ज्यादा किलो में सुनील शर्मा ने सिल्वर मेडल जीते। |
| 2. | **राष्ट्रीय युवा महोत्सव ; वनस्थली विद्यापीठ की टीम को मिला सर्वश्रेष्ठ टीम पुरस्कार**<br><br>■ मुंबई में आयोजित प्रजातंत्र, 2025 राष्ट्रीय युवा महोत्सव में वनस्थली विद्यापीठ टोंक की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान ने सर्वश्रेष्ठ टीम पुरस्कार जीता।<br>■ टीम A ने राष्ट्रीय जनचेतना दल का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में प्राची शर्मा ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, जबकि अपूर्वा शालीवाल और प्राची शर्मा ने क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके A उत्कृष्ट सामूहिक प्रदर्शन के लिए टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.**


## जयपुर टाइगर फेस्टिवल



- जवाहर कला केंद्र में 11 से 14 दिसंबर, 2025 तक जयपुर टाइगर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री फेस्टिवल के सातवें संस्करण के पोस्टर का विमोचन किया।
- फेस्टिवल में टाइगर फोटोग्राफ्स के अलावा टाइगर पेंटिंग्स, वन्य जीव फोटोग्राफ्स, पोस्टल स्टाम्पस भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

**4.**

## सुई धागा अभियान : सवाई माधोपुर




- सवाई माधोपुर जिला परिषद की ओर से जिले के निर्धनतम परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'सुई धागा अभियान' का शुभारंभ किया।
- इस अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले में चिन्हित परिवारों को नि:शुल्क सिलाई मशीन का वितरण और लाभार्थियों को आवश्यता के अनुसार सिलाई कार्य आदि का प्रशिक्षण देने की पहल की जाएगी।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## आर्य समाज

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर इसके योगदानों पर प्रकाश डाला। आर्य समाज की स्थापना 1875 में स्वामी दयानंद सरस्वती ने बॉम्बे (वर्तमान मुंबई) में की थी।

### मुख्य बिन्दु:

**धार्मिक सुधार:**

- स्वामी दयानंद सरस्वती ने मूर्तिपूजा और कर्मकांडीय पूजा की निंदा की, तथा सभी मनुष्यों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का उपदेश दिया।
- उन्होंने वेदों को अचूक प्रमाण के रूप में स्वीकार किया था। उन्होंने 'वेदों की ओर लौटो' का आह्वान किया था।

**सामाजिक सुधार:**


- वंशानुगत जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता (छुआछूत) का विरोध किया।
- सभी जातियों के लिए वैदिक शिक्षा का समर्थन किया था। दयानंद सरस्वती ने बाल विवाह और विधवा महिलाओं के बहिष्कृत स्थिति में रहने का विरोध किया था। इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए अभियान भी चलाया था।
- **शैक्षणिक सुधार:** उदाहरण के लिए- 1886 में दयानंद एंग्लो वैदिक (DAV) ट्रस्ट और प्रबंधन की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक और आधुनिक शिक्षा प्रदान करना था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत का शहद निर्यात्

## चर्चा में क्यों?

- 2 नवंबर, 2025 को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 1.07 लाख मीट्रिक टन (MT) प्राकृतिक शहद की खेप के साथ भारत दुनिया भर में शहद का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है, जिसकी कीमत 177.55 मिलियन डॉलर है। यह निर्यात वर्ष 2020 के 9वें स्थान से लगातार बढ़ रहा है।




## मुख्य बिन्दु:

- एपेड़ा और क्रिसिल द्वारा जारी आकड़ों के मुताबिक जुलाई, 2025 में भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा शहद निर्यातक देश बन गया था जबकि वर्ष 2020 में इसकी रैंकिंग नौंवी थी।
- वर्ष 2024 में भारत ने 1.4 लाख मीट्रिक टन प्राकृतिक शहद का उत्पादन किया।
- भारत प्राकृतिक शहद की कई वेराइटी का निर्यात करता है, जिनमे रेपसीड / सरसों शहद, युक्लिप्टस शहद, लीची शहद, सूरजमुखी शहद इत्यादि शामिल हैं।
- **देश के बड़े शहद उत्पादक राज्य :** उत्तरप्रदेश (17 प्रतिशत) > पश्चिम बंगाल > (16 प्रतिशत) > पंजाब (14 प्रतिशत) > बिहार (12 प्रतिशत) > राजस्थान (9 प्रतिशत)।
- **निर्यात गंतव्य :** भारत 20 से अधिक देशों को शहद का निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, क़तर और लीबिया प्रमुख देश हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद उत्पादन मिशन :

- **घोषणा :** केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के हिस्से के रूप में की थी।
- प्रकार : केंद्र प्रायोजित योजना
- **उद्देश्य :** मधुमक्खी पालन के संपूर्ण विकास को वैज्ञानिक तरीके से बढ़ावा देना है। इसका अंतिम लक्ष्य देश में मीठी क्रांति का शुभागमन लाना है।
- **मिशन का कुल बजट आवंटन :** 500 करोड़ रुपये
- **अवधि :** वर्ष 2020-21 से 2025-26
- **क्रियान्वयन एजेंसी :** राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड
- **उपमिशन :** राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन का क्रियान्वन तीन मिनी मिशन के मार्फत किया जाता है जो शहद उत्पादकता में सुधार, उत्पादन उपरांत प्रबंधन और शोध व तकनीक के उन्नयन पर केंद्रित है।
- **मधु क्रांति पोर्टल :** मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने के लिए मधु क्रांति पोर्टल निर्मित किया गया है, जिसमें शहद उत्पादन के सभी स्रोतों की पहचान कर उन उत्पादकों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाता है।



### राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (NBB) :

- यह देश में मधुमक्खी पालन की सबसे बड़ी नोडल एजेंसी है जो NBHM अभियान का समवेत क्रियान्वन करती है।
- स्थापना : सोसाइटी पंजीयन कानून 1860 के तहत् 19 जुलाई, 2000 को किया गया था।
- पुनर्गठन : जून, 2006 में कृषि और सहकारिता सचिव की अध्यक्षता में इसका पुनर्गठन किया गया।
- मुख्य उद्देश्य : भारत में मधुमक्खी पालन का वैज्ञानिक तरीके से विकास कर फसल परागण की गतिविधि से फसलों की उत्पादकता बढ़ाना और फिर क्वालिटी शहद का उत्पादन बढ़ाना, जिससे किसानों और मधुपालको की आमदनी में बढ़ोत्तरी हो।

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग

### चर्चा में क्यों?

- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रमुख रक्षा भागीदारी के लिए 10 वर्षीय फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए। यह फ्रेमवर्क मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित 12वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस के दौरान हस्ताक्षरित किया गया। इससे पहले, 2005-15 और 2015-25 की अवधि के लिए भी इसी तरह के फ्रेमवर्क्स पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### उद्देश्य:

- रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के लिए एकीकृत विज़न और नीतिगत दिशा प्रदान करना है।

### मुख्य बिन्दु:

**भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग**

- संस्थागत और मूलभूत फ्रेमवर्क
- **शीर्ष वार्ता:** 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता।
- **बुनियादी समझौते:**
- **लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA):** 2016
- **कम्युनिकेशंस कंपैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (COMCASA):** 2018
- **औद्योगिक सुरक्षा समझौता (ISA):** 2019
- **बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (BECA):** 2020


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### रणनीतिक और नीतिगत स्तंभ

- **स्थिति:** अमेरिका ने वर्ष 2016 में भारत को प्रमुख रक्षा भागीदार (MDP) के रूप में नामित किया था।
- **व्यापार सुविधा:** अमेरिका ने वर्ष 2018 में भारत को स्ट्रैटेजिक ट्रेड ऑथॉराइज़ेशन टियर-1 का दर्जा दिया था।

### रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी

- दोनों देशों के बीच रक्षा खरीद 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।
- भारत की रक्षा उत्पाद सूची में अमेरिकी मूल के महत्त्वपूर्ण रक्षा उत्पाद शामिल हैं, जैसे- C-130J, C-17 एवं P-8I विमान, और अपाचे, चिनूक व सीहॉक हेलीकॉप्टर।
- प्रौद्योगिकी और सह-उत्पादन में तेजी लाने के लिए रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप (2023) तैयार किया गया है।
- स्टार्ट-अप्स और उद्योग को जोड़ने के लिए इंडस एक्स (डिफेन्स एक्सेलरेशन इकोसिस्टम) की शुरुआत की गई है।
- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उद्योग की भागीदारी और स्वायत्त प्रणालियों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए स्वायत्त प्रणाली उद्योग गठबंधन (ASIA) पहल आरंभ की गई है।

### परिचालन अंतर-संचालनीयता

- **द्विपक्षीय अभ्यास:** युद्ध अभ्यास (थल सेना), वज्र प्रहार (विशेष बल), कोप इंडिया (वायु सेना) आदि।
- **बहुपक्षीय अभ्यास:** मालाबार (भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं का अभ्यास)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग

## चर्चा में क्यों?

- वर्ष 2025 का एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू शहर में आयोजित किया गया।

## उद्देश्य:

- APEC का उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक सक्रिय और सामंजस्यपूर्ण समुदाय का निर्माण करना है, जो मुक्त और खुले व्यापार एवं निवेश का समर्थन करे तथा आर्थिक एकीकरण व सहयोग को बढ़ावा दे।

## मुख्य बिन्दु:

- **स्थापना:** वर्ष 1989
- **सचिवालय:** सिंगापुर
- **सदस्य देश:** APEC के 21 सदस्य देश। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चिली, चीन, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, मैक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका आदि।
- **भारत:** भारत APEC का सदस्य नहीं है, लेकिन इसे पर्यवेक्षक (Observer) का दर्जा प्राप्त है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना निधि

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ESTIC) 2025 का उद्घाटन करते हुए अनुसंधान, विकास और नवाचार (RDI) योजना कोष का शुभारंभ किया।

### योजना के बारे में:

- इस योजना का 6 वर्षों में 1 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय है।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) आरडीआई योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा।

### योजना के मुख्य उद्देश्य

- निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन
- परियोजना वित्तपोषण
- प्रौद्योगिकी अधिग्रहण
- डीप-टेक निवेश: Deep-Tech Fund of Funds की स्थापना में सहयोग करना।
- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) का शासी बोर्ड आरडीआई योजना को व्यापक रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## आर्थिक परिदृश्य

### कृषि की पुनर्कल्पना: अग्रणी प्रौद्योगिकी आधारित परिवर्तन के लिए एक रोडमैप: नीति आयोग

**चर्चा में क्यों?**

- नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब ने गांधीनगर, गुजरात में "कृषि की पुनर्कल्पना: अग्रणी प्रौद्योगिकी आधारित परिवर्तन के लिए एक रोडमैप" शीर्षक से दस्तावेज़ जारी किया।

**उद्देश्य :**

- कृषि में अग्रणी तकनीकों के उपयोग से उत्पादकता, स्थिरता और आय वृद्धि हेतु रणनीतिक दिशा प्रदान करना।

**नीति फ्रंटियर टेक हब के बारे में**

- एक्शन टैंक के रूप में कार्यरत।
- सरकार, उद्योग और अकादमिक जगत के 100+ विशेषज्ञों का सहयोग।
- 20+ क्षेत्रों में 10-वर्षीय तकनीकी रोडमैप तैयार।
- **लक्ष्य:** 2047 तक एक समृद्ध, सशक्त और तकनीकी रूप से उन्नत भारत।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## दीपक मित्तल : संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय राजदूत

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1998 बैच के अधिकारी दीपक मित्तल ने संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय राजदूत का पदभार ग्रहण किया है।



### मुख्य बिन्दु:

- डॉ. मित्तल ने मिस्र, इज़राइल और बांग्लादेश में भारतीय मिशनों में कार्य किया है। इससे पहले वे हो ची मिन्ह सिटी में महावाणिज्य दूत और कतर में राजदूत थे।
- मित्तल ने विदेश मंत्रालय में कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इसमें दूतावास मामलों के प्रभाग का नेतृत्व तथा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान के साथ भारत के संबंधों के प्रबंधन डेस्क का नेतृत्व शामिल है। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में भी कार्य किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वीर नारायण सिंह

## चर्चा में क्यों?

- प्रधान मंत्री ने छत्तीसगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिन्दु:

### शहीद वीर नारायण सिंह

- ये छत्तीसगढ़ के एक जनजातीय नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे। इनका जन्म 1795 में बिंझवार जनजाति में हुआ था।
- इनके पिता ने भी 1818-19 में ब्रिटिश और भोसले शासकों के खिलाफ विद्रोह किया था।
- इन्होंने 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी, लेकिन इन्हें पकड़ लिया गया था और 10 दिसंबर 1857 को फांसी दे दी गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## 42वाँ इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट

### चर्चा में क्यों?

- इंडियन ऑयल मुंबई ने 42वाँ इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी ट्रॉफी लगातार तीसरी बार जीत ली है।




### मुख्य बिन्दु:

- जालंधर में फाइनल में इंडियन ऑयल मुंबई ने इंडियन रेलवे दिल्ली को 2-1 से हराया।
- इंडियन ऑयल के तलविंदर सिंह को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। पंजाब पुलिस टीम के कप्तान ओलंपियन हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ स्कोर घोषित किया गया और उन्हें 51 हजार रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR